हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 सचिव-रोजगार सहायकों ने डीडीओ पर...

07 फरियादियों ने अधिकारियों को समस्याएं बताईं, कई...


**खबर संक्षेप**

### आरटीई : 2 अप्रैल को लॉटरी से चयन

**सीहोर।** आरटीई के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 28 मार्च तक किए जा सकेंगे। इसके बाद 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से चयन होगा। इस तरह इस प्रक्रिया में एडमिशन होगा। निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू हो गए थे। निजी स्कूलों में बच्चों को निशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। समय सारिणी के अनुसार निशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीटें पोर्टल पर दिखाई दे रही हैं। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता संबंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का मौका भी मिलेगा। 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आरटीई में निशुल्क प्रवेश के लिए जिस कैटेगरी में प्रवेश चाहा है, उस कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जाएगा।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों में किसी भी विभाग का प्रदर्शन निम्न न रहे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा




कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, प्रेमनारायण परमार, कमल मंडलोई, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी विभाग का प्रदर्शन निम्न स्तर का नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य आमजन को सीधे लाभ पहुंचाना है, इसलिए अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। कार्यों में लापरवाही अथवा प्रगति में ढिलाई पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान अंतर्गत नदी-नालों एवं बावड़ियों का संवर्धन, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, सौंदर्यीकरण तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।उन्होंने जल संरक्षण गतिविधियों में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए अमृत मित्र बनाए जाने तथा माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रारंभ किए गए कार्यों की पूर्व एवं पश्चात स्थिति के फोटो अनिवार्य रूप से लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय के साथ कार्य करते हुए 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, जागरूकता शिविर एवं विशेष टीकाकरण कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिले में अपेक्षाकृत कम वैक्सीनेशन संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा।

### जनगणना कार्यों की समीक्षा

बैठक में जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा जनगणना कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि जनगणना हेतु चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समाधानकारी निराकरण करें

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिन विभागों का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने नॉन-अटेंड शिकायतें लंबित रहने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं वेतन कटौती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग 'ए' ग्रेड प्राप्त करें, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की

कलेक्टर ने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी अधिकारी को निर्देश दिए की 24 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण में सभी अधिकारी अनिवार्य उपस्थित रहे। इसी के साथ बैठक में आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण, पोषण वाटिका स्थापना तथा शासकीय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक लखन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मिशन कर्मयोगी अंतर्गत 2 से 8 अप्रैल तक साधना सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के शासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा आई-गोट पोर्टल पर 5 से 6 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण किए जाएंगे।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिया बूंद-बूंद जल संरक्षण का संदेश



**सीहोर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला महुआ खेड़ी, तकीपुर में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में जल के महत्व को समझाना एवं जल बचाने के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन, आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित लोगों को प्रेरित एवं प्रभावित किया , जिसमें जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।छात्र-छात्राओं ने गांव के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर "जल ही जीवन है", "जल है तो कल है" एवं "बिन पानी सब सूना" जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ ग्रामवासियों को जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों का उत्साह और जोश देखने योग्य था, जिससे ग्रामीणों में भी जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम में प्रचोधन डेवलपमेंट सर्विसेज के वरिष्ठ कार्यकारी सुधीर राय ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने सभी को दैनिक जीवन में जल के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की।वहीं विद्यालय के शिक्षक सतीश त्यागी ने सोख्ता गड्ढा निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तथा भू-गर्भ जल संचयन जैसे व्यावहारिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी और इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक एवं रंगकर्मी प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।



## बड़ागांव स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम बड़ागांव स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर में स्थित माता रानी प्रतिमा का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार कर श्रद्धालुओं द्वारा हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं। नगर से 18 किलोमीटर दूर कस्बा बड़ागांव में स्थित प्राचीन मां चामुंडेश्वरी माता का मंदिर है। जहां वर्ष की दोनों नवरात्रि चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं हवन अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में मंगला एवं संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज होंगे विद्यारंभ प्रमाण पत्र व ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम के आयोजन

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 से 6 वर्ष के पंजीकृत बच्चों के लिए 24 मार्च को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक किया जाएगा। इसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग और पीरामल फाउंडेशन जैसी सहयोगी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों एवं अभिभावकों को आमंत्रित कर उनके माध्यम से बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कराए जाएंगे। प्रमाण पत्र 10 अंकों का होगा, जिसमें प्रारंभिक 4 अंक आंगनबाड़ी कोड, अगले 4 अंक बच्चे की आईडी तथा अंतिम 2 अंक संबंधित वर्ष को दर्शाएंगे। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर निर्धारित प्रपत्रों में प्रमाण पत्र वितरण और स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों की जानकारी संधारित कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों में 24 मार्च को ग्रेजुएशन सेरेमनी का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

## मां बगलामुखी के दरबार में प्रतिदिन लोग दर्शन कर करवा रहे हवन-अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

मां बगलामुखी के दरबार में चैत्र नवरात्रि पर्व के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। पर्व के इन दिनों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्त मां के दरबार में दर्शन व हवन-अनुष्ठान के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं माता रानी की प्रतिदिन प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है।



पीतांबरा सिद्धपीठ पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासी के साथ देश के कई स्थानों से भक्त मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। माता भक्त नवरात्रि पर्व में शक्ति की भक्ति में लीन है। कोई पर्व के इन दिनों में उपवास की तपस्या कर रहा है, तो कोई नंगे पैर रहकर तपस्या में लीन है। तथा पूरा मंदिर प्रांगण हवन-अनुष्ठान के मंत्रोच्चार से गुंजायमान सुनाई दे रहा है। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर व परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सुसज्जीत होकर अपनी छटा बिखेर रहा है।

## सांदीपनि विद्यालय का कक्षा 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा



स्थानीय सांदीपनि विद्यालय का कक्षा 9वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया ने बताया कि कक्षा 9वीं में दर्ज 250 विद्यार्थियों में से 155 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा। 95 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी 58 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी 2 छात्राओं ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की। पुष्पा मालवीय ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, वंशिका शर्मा ने 89 प्रतिशत द्वितीय एवं निकिता ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 11वीं में विज्ञान संकाय में दर्ज 64 में से 59 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। तनीषा पाटीदार 89 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, रेखा पाटीदार 86 प्रतिशत ने द्वितीय एवं आस्था बंजारा 85 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 58 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी एवं 1 छात्रा ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कला संकाय में दर्ज 149 में से 115 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा। 73 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी, 41 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी एवं 1 छात्रा ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की। कु तनीषा सोनगरा 85 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, वंदना विश्वकर्मा 82 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान एवं मोनिका विश्वकर्मा 81 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय अंतर्गत गणित विषय का परीक्षा परिणाम लगातार 12वें वर्ष शत प्रतिशत रहा। गणित विषय की सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। परीक्षा परिणाम जानकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सफलता पर विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर एवं परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीताम्बरा सेवा समिति कर रही भंडारे का आयोजन

# मां बगलामुखी के आंगन में प्रतिदिन हवन, कन्या पूजन के बाद प्रारंभ हो रहा निःशुल्क भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा




मां बगलामुखी मंदिर के समीप प्रति नवरात्रि अनुसार इस चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान भी पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारा परिसर में प्रतिदिन माता रानी के सम्मुख हवन एवं कन्या पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रारंभ किया जा रहा है।

सेवा व समर्पण के नए आयाम स्थापित करने वाली नगर की सामाजिक संस्था पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा सिद्धपीठ के समीप स्थित स्वयं के भंडारा परिसर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। अवकाश के दिनों में इससे भी अधिक श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में प्रतिदिन अलग अलग व्यंजन बनाये जा रहे हैं। जिनमें दाल-बाफले, पूड़ी-सब्जी, मिठाई-नमकीन के साथ ही नवरात्रि में व्रत-उपवास करने वालों के लिए फ़रिहाली भी बनाए जा रहे हैं।

समिति सदस्य एवं सेवादार जिस सेवा भावना से प्रसादी का वितरण करते हैं वैसा उदाहरण अन्यत्र मिलना असंभव दिखाई देता है। यही कारण है कि भंडारा परिसर में आम श्रद्धालुओं के साथ वीआईपी भी कतार में लग कर भोजन प्रसादी प्राप्त करते हैं। भंडारा प्रारंभ करने के पूर्व भंडारा परिसर में स्थापित माता रानी के चित्र के सम्मुख समिति द्वारा प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे हवन कर माता की आराधना की जा रही है। हवन की पूर्णाहुति के बाद प्रातः 10 बजे कन्या पूजन व कन्या भोज होता है। जिसमे बड़ी संख्या में कन्याओं को समिति सदस्यों द्वारा भोजन करवाकर, पूजन कर उपहार भेंट में दिए जाते हैं। प्रतिदिन पांच सौ से अधिक कन्याओं का पूजन किया जा रहा है। इस दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालु भी कन्या पूजन का लाभ प्राप्त करते हैं। कन्या पूजन के उपरांत बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी प्रारंभ होती है जो कि बगैर किसी बाधा के सायं 7.30 बजे तक चलती रहती है।

## खबर संक्षेप

### गैस सिलेंडर लेने कतार में नजर आ रहे लोग



**चापडा।** विगत कुछ दिनों से लगातार गैस सिलेंडर किल्लत को लेकर उपभोक्ता काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र से कई तस्वीर ऐसी सामने आई है जिसमें गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारो में लोगों को खड़ा देखा गया है। अब वही कतार ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखी जा रही है। गैस एजेंसी के गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए सुबह से लाइन में खड़े लोग दिखाई दे रहे हैं। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित एक गैस सिलेंडर गोदाम पर सोमवार के दिन उपभोक्ताओं की कतार देखी गई जहां पर चिल चिलाती धूप में सिलेंडर लेने के लिए अपने नंबर का इंतजार करते हुए नजर आए। करनावद के संभाजी नगर में स्थित गणेश्वर इंडियन गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए लोगों की कतार देखी गई। समय पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी को होम डिलीवरी करना चाहिए लेकिन गैस किल्लत के चलते उपभोक्ताओं को ही एजेंसी के गोदाम पर आकर गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है।

### ठंडे छबील का स्टॉल लगाकर दी श्रद्धांजलि

**कांटाफोड़।** नगर में सेवा और श्रद्धा का भावपूर्ण उदाहरण देखने को मिला। स्थानीय गुरुद्वारा साहिब परिसर स्थित गुरुद्वारा चौक पर गुरु सिंह सभा के सचिव हरविंदर भाटिया 'जैकी' द्वारा अपने सुपुत्र स्व. साहेब भाटिया की चतुर्थ पुण्यतिथि पर ठंडे छबील (ठंडाई) का स्टॉल लगाया गया।इस अवसर पर राहगीरों को श्रद्धा पूर्वक ठंडा प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का प्रसाद ग्रहण कर "वाहेगुरु" नाम का स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घर के वजीर ज्ञानी प्रहलाद सिंह द्वारा अरदास के साथ की गई।छबील सेवा में समाजजन, परिजन एवं मित्रगणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### प्रशिक्षण में विवाद: जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन, जांच व कार्रवाई की मांग

# सचिव-रोजगार सहायकों ने डीडीओ पर लगाए अभद्रता के आरोप, किया बहिष्कार

कृषि विकास अधिकारी गोपेश पाठक पर लगे अभद्र व्यवहार के आरोप, जिप. सीईओ से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आयोजित ई-टोकन प्रणाली के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विकास अधिकारी (डीडीओ) पर अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। घटना से आक्रोशित पंचायत सचिवों और सहायक सचिवों ने सामूहिक रूप से प्रशिक्षण का बहिष्कार कर दिया और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति शर्मा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की।

#### प्रशिक्षण के दौरान हुआ विवाद

जानकारी अनुसार, जनपद पंचायत के निर्देश पर 23 मार्च 2026 को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, देवास में सचिवों व सहायक सचिवों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों की लंबित फार्मर आईडी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा चल रही थी। इसी बीच जब डीडीओ गोपेश पाठक से इस विषय पर बात की गई, तो वे नाराज हो गए और कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कर्मचारियों को प्रशिक्षण से बाहर जाने के लिए कह दिया।

#### कर्मचारियों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

सचिवों और सहायक सचिवों का आरोप है कि जब उन्होंने अन्य विभागों के कर्मचारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया, तो डीडीओ ने असंतोष जताते हुए उन्हें प्रताड़ित किया और प्रशिक्षण से बाहर जाने के लिए मजबूर किया। इस व्यवहार से नाराज होकर सभी ने प्रशिक्षण का बहिष्कार कर दिया। वहीं मामले में डीडीओ गोपेश पाठक का कहना है कि शासन द्वारा दिए गए कामों को समझा रहा था, जिससे कुछ लोगों को आपत्ति थी, जिसको लेकर मैंने समझाइश दी थी, मैने किसी से अभद्रता नहीं की है।

#### संगठन ने की निष्पक्ष जांच की मांग

मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन, देवास के जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी सचिवों व सहायक सचिवों ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

#### बड़ी संख्या में कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान भगवान सिंह चौधरी, सिकंदर पटेल, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेश मंडलोई, विश्वास बघेल, संजय ठाकुर, सोहन सिंह गौड़, राहुल दुबे, राकेश गौड़, महेन्द्र सिंह, देवेन्द्र चौहान, राहुल सिलोटिया, संतोष गुर्जर सहित बड़ी संख्या में सचिव एवं सहायक सचिव मौजूद रहे।

#### इनका कहना है

ज्ञापन मिला है, डीडीओ के ठीक व्यवहार न करने की शिकायत प्राप्त हुई है। जांच करेंगे।

ज्योति शर्मा सीईओ जिप.

# जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता के बेटे ने की आत्महत्या

### लापरवाही बरतने पर टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भीकूपुरा में एक दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई न करने और इसके चलते कानून व्यवस्था बिगड़ने पर एसपी पुनीत गेहलोद ने थाना प्रभारी चुन्नीलाल रायकवार को लाइन अटैच कर दिया है।

आरोपी पर कार्रवाई न होने से आहत होकर पीड़िता के बेटे ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद शनिवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने पुंजापुरा-उदयनगर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया था। एसपी ने टीआई को पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने का जिम्मेदार माना है। उदयनगर थाना क्षेत्र के गांव भीकूपुरा का है, जहां एक महिला के साथ खेत में दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोप है कि पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की लापरवाही और आरोपी पर कार्रवाई न होने से व्यथित होकर पीड़िता के बेटे ने कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए बागली ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। दुष्कर्म पीड़िता के बेटे की मौत के बाद गांव वालों का गुस्सा फूट पड़ा।

आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को पुंजापुरा-उदयनगर मार्ग पर भीकूपुरा में मृतक का शव सड़क पर रखकर रास्ता जाम कर दिया। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन और चक्काजाम से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई थी।

# सैकड़ों कोटवारों ने किया प्रदर्शन,लंबित भुगतान, सेवा भूमि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के 500 से अधिक कोटवार मीठा तालाब पर एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कोटवारों ने नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में मीठा तालाब, भोपाल चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च निकाला और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अंबाराम मालवीय ने बताया कि शासन द्वारा जारी आदेशों के बावजूद पिछले तीन वर्षों से कोटवारों को वर्दी, जूते, टॉर्च, बैटरी और बेल्ट आदि के लिए मिलने वाली राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि यह राशि सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराई जाए, ताकि वे अपनी सुविधा अनुसार वर्दी तैयार करवा सकें। ज्ञापन में कोटवारों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोटवारों के हित में जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि वर्दी हेतु वार्षिक राशि देने की व्यवस्था को लागू किया जाए। साथ ही, सेवा मुक्त होने पर 1 लाख की सहायता राशि और वारिस को नियुक्ति देने के निर्णय का भी पालन सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा, कोटवारों ने सीयूजी मोबाइल सिम और उसके नियमित रिचार्ज, स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, किसान कार्ड सुविधा, सेवा भूमि पर नाम दर्ज करने और फसल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। कोटवारों ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी सेवा भूमि पर दबंगों का कब्जा है, जिसे हटाकर उन्हें पुनः कब्जा दिलाया जाए। साथ ही जिन कोटवारों के पास सेवा भूमि है, उन्हें भी वर्दी भत्ता दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विजय देवडा, जिला कोषाध्यक्ष नागुलाल पचलानिया, जिला सचिव संतोश वर्मा, तहसील अध्यक्ष शंकरलाल धोलपुरिया, देवनारायण सोलंकी, माखनलाल मालवीय, राजेश बघेल,गणेश योगी, अशोक पटवा सहित बडी संख्या में पटवारी उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि पर 24 और 25 मार्च को होगी भव्य डान्स प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौराहा सुंद्रेल के तत्वाधान में 24 मार्च एवं 25 मार्च को बजरंग चौक पर रात्रि 8 बजे से भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 21000/- विधायक आशीष शर्मा मित्र मंडल द्वारा दिया जाएगा, द्वितीय पुरस्कार 11000/- खेड़ापति बालाजी महाराज के सौजन्य से दिया जाएगा।प्रतियोगिता में एकल नृत्य,युगल नृत्य, समूह नृत्य, भक्ति लोक नृत्य की विशेष प्रस्तुतियां होगी।प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में मुख्य रूप से रॉक डांसर आजाद परिंदा मुंबई,डांस इंडिया डांस के सुपर स्टार फेम पार्थ पाल इंदौर,इंडिया गोट टेलेंट के सेमीफाइनलिस्ट शुभम खरगोन की विशेष उपस्थिति रहेगी।प्रतियोगिता मे निर्णायक के रूप मे बेस्ट कोरियोंग्राफर रामोजी फ़ल्मि सिटी हैदराबाद से माइकल जोशी,पेमेंद्र कुमार (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बांध),आदित्य ताम्बे (ग्रेट म्यूजिशियन) निर्णायक की भूमिका मे होंगे।उक्त आयोजन में जय श्री गोविंदा सेवा संस्थान, जय श्री गणेश मित्र मंडल, श्री सुंदरेश्वर युवा संगठन का विशेष सहयोग रहेगा।

# कांग्रेस ने देशभक्त भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को याद कर मनाया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वतंत्रता की लड़ाई में सबसे बड़ा योगदान युवा क्रांतिकारियों का रहा है, जिन्होंने अपनी शहादत देकर हमें आजादी दिलाई। जिस समय भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा दी गई, उस समय उनकी उम्र मात्र 23 वर्ष थी। इसके अलावा अनेक युवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ऐसे रहे हैं, जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम थी। इनमें खुदीराम बोस, चंद्रशेखर आजाद, महारानी लक्ष्मीबाई, अवंती बाई लोधी, मंगल पांडे, हेमू कालानी सहित कई नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। उनके इस योगदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा। उक्त विचार गजरा गियर्स चौराहे पर स्थापित अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने व्यक्त किए। इस दौरान दोनों अध्यक्षों ने शहीदों की प्रतिमाओं के आसपास फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जताई और नगर निगम की निंदा करते हुए कमिश्नर से मांग की कि इन महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित देखभाल की जाए तथा प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वयं झाड़ू लगाकर प्रतिमा स्थल की सफाई भी की। कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार प्रतीक शास्त्री ने माना। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुजीत सांगते, जितेंद्र सिंह गौड़, नईम अहमद, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, शाहजी हाशमी, रितेश धारू, सी.बी. शुक्ला, रईस कामदार, शाहबाज शेख, जयप्रकाश मालवीय, जस्सू भाई, दीपेश हरोडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस देगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर किसानों की लगातार बढ़ती समस्याओं को देखते हुए जिला किसान कांग्रेस के आव्हान पर आज 25 मार्च को सुबह 11 बजे भोपाल चौराहा से किसानो के साथ देवास कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।ज्ञापन में प्रमुख मांगें सोसायटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। सरकार से मांग है की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाई जाए,ताकि किसान गेहूं बेचकर बिना ब्याज के ऋण चुका सकें। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन ऑयल के टैक्स-फ्री आयात पर रोक लगाई जाए, जिससे देश के किसानों को नुकसान न हो। बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में निवेश करने वाले देवास एवं इंदौर के किसानों को उनकी जमा राशि का मुआवजा दिया जाए। बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे कर उचित मुआवजा एवं बीमा राशि दी जाए। गेहूं की खरीदी 4000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाए। किसानों के बकाया बिजली बिलों की वसूली पर रोक लगाकर माफ या आसान किश्त बनाकर राहत दी जाए।गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वर्तमान समय में गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों के कारण किसान एवं आम नागरिक पहले से ही परेशान हैं, गैस सिलेंडर की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा वितरण व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

### वरिष्ठ नागरिक संस्था की वार्षिक सभा 8 अप्रैल को महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**देवास।** वरिष्ठ नागरिक संस्था की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 8 अप्रैल को 10 बजेमल्हार स्मृति मंदिर परिसर में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर ने बताया कि यह निर्णय कार्यकारिणी की हालही में हुई बैठक में लिया। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया है कि वे सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाएं। इस वार्षिक सभा में संस्था के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिए जाएंगे। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, साथ ही वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना एवं कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों पर स्वीकृति ली जाएगी।

# टिंकी बारेला बनीं भाजपा अजजा मोर्चा की जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



कांटा फोड़। खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के कन्नौद मंडल अंतर्गत ग्राम बरीकराड़ से निकलकर जनसेवा और संगठन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली टिंकी बारेला को भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जिम्मेदारी सौंपते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति (अजजा) मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पहली बार है जब पार्टी ने उन पर इतना बड़ा भरोसा जताया है, जिससे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल व्याप्त है। वनवासी कल्याण परिषद में जिला स्तर पर महिला प्रमुख के रूप में उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय प्रयास किए। वहीं जनजाति विकास मंच की महिला प्रमुख रहते हुए उन्होंने समाज की आवाज को मजबूती से उठाया और सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अनुसूचित जनजाति वर्ग में जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान की और समाज के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया। विधानसभा चुनाव के दौरान बागली और खातेगांव क्षेत्रों में जनजाति मोर्चा की प्रभारी के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिली। वर्तमान में वे बारेला समाज की जिला उपाध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं और समाज के अधिकारों एवं विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। साथ ही, संघ के अनुशासित संगठनों में पिछले 7-8 वर्षों से उनकी सक्रिय भागीदारी रही है, जिसने उनके व्यक्तित्व को और अधिक निखारा है। पिछले 2 वर्षों से कांटाफोड़ में निवासरत टिंकी बारेला ने क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनसंपर्क और संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान दिया है। भाजपा द्वारा उन्हें अजजा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से यह स्पष्ट है कि पार्टी जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समस्याओं व निराकरण संबंधी बैठक संपन्न

# ननि क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की करें कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिले के नगरीय निकायों की समस्याओं एवं निराकरण संबंधी बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल, नगरीय निकायों के अध्यक्षगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), इंजीनियर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें, जहां पर अतिक्रमण हों उसे तुरंत हटाएं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण होने से जहां एक ओर नगर का सौंदर्यीकरण खराब होता है वहीं नगरों की आर्थिक उन्नति भी अवरूद्ध होती है। इसलिए सभी एकजूटता के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य सड़क पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें। अतिक्रमण हटाने एवं मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण रोकने के पूरे प्रयास किए जाएं। सिंह ने नगरीय निकायों के अध्यक्षों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित सीएमओ एवं संबंधित एजेंसियों के प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में रहने वाले नागरिकों को सभी प्रकार की सुविधा मिले। इसके लिए नगर परिषद एवं सभी नगरीय प्रशासनिक इकाई एकजूट होकर कार्य करें। एकजूट होकर कार्य करेंगे तो उसके सकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे।बैठक में कलेक्टर सिंह को निकायों के अध्यक्षों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेयजल की समस्याएं सड़क निर्माण कार्य एवं अन्य निर्माण कार्यों से अवगत कराया। इसके साथ ही बगीचों के सौंदर्यीकरण, भवन निर्माण के कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों के पार्क का सौंदर्यीकरण कर उन्हें डेवलप करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि अधिकारीगण मूल कार्यों पर विशेष ध्यान दें। नगर की सुदंरता बनाए रखने और उसे सुंदर बनाने का लक्ष्य बनाकर कार्य करें। गर्मी के मौसम में पेयजल की आपूर्ति के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें।बैठक में नगरीय निकायों के अध्यक्षों ने कलेक्टर सिंह को रोड निर्माण, मुख्य मार्ग के निर्माण, स्कूल भवन निर्माण, नाला निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

इस पर कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों में गति लाकर उन्हें समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी कार्य में लापरवाही न बरते और कार्य को पूर्ण करें।सिंह ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निकाय अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने "जल गंगा संवर्धन अभियान" अंतर्गत निकाय के सभी तालाबों, जलाश्यों, घाटों-बावड़ियों को एवं जल स्त्रोतों को विशेष सफाई कर सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया जाएं। बैठक में प्रचलित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

**खबर संक्षेप**

### गुहराज निषादराज जयंती मनाई

**ललितपुर।** गुहराज निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को रिसाला मंदिर, आजादपुरा में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जो रिसाला मंदिर से प्रारंभ होकर वर्णी चौराहा, तुवन मंदिर चौराहा, सावरकर चौक और तालाबपुरा होते हुए फिर से रिसाला मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम-जानकी, गुहराज निषादराज महाराज, केवट महाराज, एकलव्य एवं महर्षि कश्यप की सुंदर एवं आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। पारंपरिक लोक नृत्य ढिमरयाई, राई सहित अन्य प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। वहीं डीजे, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सर्वसमाज द्वारा स्वल्पाहार और शीतल पेय के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान शोभायात्रा समिति अध्यक्ष विनोद रैकवार एड., द्वारका प्रसाद रैकवार, मुन्नालाल भगत रैकवार, हुकुम रैकवार, मोहन मास्साब, छक्कीलाल रैकवार, प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष पत्रकार रमेश रैकवार, अशोक रैकवार, राज रैकवार, पुष्पेंद्र कश्यप, लखन रैकवार, रवि कश्यप, निशांक रैकवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला मंडल से वरिष्ठ पत्रकार पूजा कश्यप, हेमलता, लक्ष्मी, पुष्पा रैकवार, नेहा रैकवार, आरती रैकवार, शिल्पी रैकवार, रश्मी रैकवार एवं साक्षी केवट सहित अन्य महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन पर समिति अध्यक्ष विनोद रैकवार एड.ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### महिला गार्ड से छेड़छाड़ का आरोप

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र में एक महिला गार्ड ने स्कूल के सुपरवाइजर पर छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह धौर्रा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय में तैनात है, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात विद्यालय में कार्यरत सुपरवाइजर विनय सेंगर से हुई थी। आरोप है कि 10 दिसंबर 2025 को आरोपी उसे बहाने से सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके साथ छेड़छाड़ और अभद्र हरकतें कीं। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, घटना के बाद वह डर के कारण चुप रही, लेकिन आरोपी लगातार उसे परेशान करता रहा। बाद में 11 मार्च 2026 को एक बैठक के दौरान भी आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की और धमकाया।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर।** जनपद में दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि थाना नाराहट क्षेत्र में दर्ज मुकदमा के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है।

**नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और बिना पारदर्शिता के कार्य कराए जा रहे**

# पार्षदों ने पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर नारेबाजी की, धरना-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर अब जनप्रतिनिधियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को डेढ़ दर्जन से अधिक पार्षदों ने एकजुट होकर घंटाघर प्रांगण स्थित नगर पालिका परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि पिछले छह महीनों से नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और बिना पारदर्शिता के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधितों पर मनमाने तरीके से काम करने का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने बताया कि शहर में तहबाजारी, पार्किंग और सफाई व्यवस्था के नाम पर खुलेआम लाखों रुपये की वसूली कर बंदरबांट किया जा रहा है।

वहीं आरोप लगाया कि सुम्मेरा तालाब में करोड़ों रुपये के टेंडर पास होने और भुगतान शुरू होने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। सुपर सीट में विकास कार्यों को लेकर सबसे गंभीर आरोप लगाए गए, जिसमें आरोप है कि करोड़ों रुपयों के कार्य केवल कागजों में दर्शाकर भुगतान कर दिए जाने की बात कही गई।



पार्षदों का कहना है कि जहां कुछ कार्य हुए भी हैं, वह बेहद निम्न गुणवत्ता के हैं। इसके अलावा नगर पालिका के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों पर अराजक तत्वों के साथ मिलकर वाहन चालकों और किसानों से जबरन वसूली कराने तथा दबाव बनाकर उत्पीडन करने के भी आरोप लगाए गए। पार्षदों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही जांच कराकर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पार्षदों में एड. मनमोहन चौबे, जगदीश यादव, दीपा विनोद कुशवाहा, कीर्ति अमित नायक, पूजा आनंद भूरे, रामकिंकर पटैरिया, गिरीश पाठक सोनू, फरजाना बानो, सोन सिंह, जानकी प्रसाद, अब्दुल बारी, धर्मवीर कुशवाहा, कुन्दन पाल, मिथलेश करन कुशवाहा, शिवानी अमित कुशवाहा, अफजुल रहमान, उदय प्रताप, मुस्तफा खान आदि मौजूद रहे।

**जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया**

# फरियादियों ने अधिकारियों को समस्याएं बताईं, कई का मौके पर समाधान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत तहसील पाली में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव नें तहसील पाली पहुंचकर जन शिकायतें सुनी और कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी कराया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में सम्बंधित उप जिलाधिकारियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराया।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस के अलावा अपनी दैनिक जनसुनवाई में भी प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की तिथि निर्धारित कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि को मानक मानते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने पाली तहसील में जनशिकायते सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर समस्या का संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराकर अवगत करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा शिकायतकर्ता असंतुष्ट न रहे। इस अवसर पर तहसील पाली के किसानों ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि विगत 20 मार्च को हुई बेमौसम अतिवृष्टि के कारण उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं, जिस कारण उनके सामने आर्थिक संकट हो गया है, ऐसे में उन्होंने राहत राशि व बीमा क्लेम तत्काल दिलाये जाने की मांग की, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी को बुलाकर निर्देश दिये कि वे बीमा कम्पनी से समन्वय स्थापित कर बीमित किसानों को राहत राशि/बीमा क्लेम शीघ्रता से दिलवायें।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में ये शिकायतें प्राप्त हुईं

तहसील पाली में कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 06, पुलिस के 03, चकबंदी के 02 तथा विद्युत विभाग के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 09 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 05 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 03, विकास विभाग का 01, पूर्ति विभाग के 03 तथा चकबंदी का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, पुलिस का 01 तथा विद्युत के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील तालबेहट में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 08, विकास के 05, पूर्ति के 05 तथा अन्य विभागों के 10 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, ए डी एफओ सत्येन्द्र तोमर, उपजिलाधिकारी पाली निशान्त तिवारी, क्षेत्राधिकारी पाली, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल आदि उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, सख्त निर्देश दिए



ललितपुर। जिले में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने तहसील तालबेहट में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को लेकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत में विवाद के कारणों का स्पष्ट और विस्तृत उल्लेख किया जाए तथा रिपोर्ट में अनावश्यक तथ्यों से बचा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य विभागों से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया जाए और उसकी प्रविष्टि संबंधित अभिलेखों में दर्ज की जाए। भूमि विवादों के मामलों में फसल कटाई के बाद पैमाइश कराकर निस्तारण कराने के लिए एसडीएम, लेखपाल और कानूनगो की टीम के साथ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा, सभी पत्राचार की तिथि व पत्रांक संबंधित रजिस्टर में अंकित करने, आवेदक का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करने तथा तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

**समूह पेयजल योजना कार्यक्रम**

# जल अर्पण: स्कूली बच्चों को सिखाए जल बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मंडल अध्यक्ष भाजपा, विकास खण्ड बार हरपाल सिंह सिसौदिया, आदित्य द्विवेदी, सहायक अभियन्ता एसडब्ल्यूएसएम, चन्द्रशेखर कुशवाहा अवर अभियन्ता जल निगम, गिन्नी राजा प्रधान प्रतिनिधि, संतोष चैहान साइट इंचार्ज मेसर्स ब्रिज बानको प्रालि, भावनी ग्राम के समस्त ग्रामवासियों/ प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति में मेसर्स ब्रिज बानको प्रालि द्वारा क्रियान्वित चंदावली ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम पंचायत भावनी में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मंच का संचालन बृजमोहन संज्ञा द्वारा किया गया। जल निगम के आदित्य द्विवेदी सहायक अभियन्ता के द्वारा माननीय मण्डल अध्यक्ष भाजपा विकास खण्ड बार, अन्य जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया कि चंदावली ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 16 ग्राम सम्मिलित है एवं सभी ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत निर्माण किया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन 78.00 कि.मी. बिछाये जाने के सापेक्ष 82.00 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका 16 ग्रामों में कुल 4660 गृह संयोजन किये गये है। भावनी ग्राम पंचायत में पठापचैरा एवं खैरा ग्राम सम्मिलित है। इन ग्रामों में कुल 10.00 किमी0 पाइप लाइन एवं 373 गृह संयोजन किये गये है।

जल निगम के चन्द्रशेखर कुशवाहा, अवर अभियन्ता ने जल अर्पण के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि जल अर्पण दिवस हर गाँव के लिए गौरव और कृतज्ञता का दिन होता है। यह वह क्षण है जब जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित गाँव की पाइप लाइन जल प्रणाली को विभाग से ग्राम पंचायत और समुदाय को आधिकारिक रूप से सौंप दिया जाता है। यह महज एक औपचारिक आयोजन नहीं है, यह स्वामित्व का उत्सव है। आज से गांव के लोग अपनी जल प्रणाली के संचालन, संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं लेते है। जलापूर्ति प्रणाली का उचित हस्तांतरण यह सुनिश्चित करता है कि गांव में सभी ग्रामवासियों को इसकी जानकारी हो।

जल निगम के चन्द्रशेखर कुशवाहा, अवर अभियन्ता के द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन योजना से पूर्व में पीने के पानी के लिए ग्रामवासियों को कुएं, तालाब, नदी एवं हैण्डपम्प के पानी पर निर्भर रहते थे। गर्मियों में हैण्डपम्प एवं कुएं का पानी बहुत नीचे हो जाते या सूख जाते थे जिससे इन क्षेत्र के ग्रामवासियों को पानी की बहुत परेशानी उठानी पड़ती थी। इसके अतिरिक्त वर्षात में हैण्डपम्प एवं कुएं के पानी से अनेकों बीमारियां फैलती थी। हैण्डपम्प एवं कुएं के पानी से अनेक बीमारियां उत्पन्न होने कि संभावना बनी रहती है एवं इसमें हानिकारक तत्व जैसे-फ्लोराइड, आर्सेनिक, आयरन इत्यादि पाये जाते है। दूषित पानी से गंभीर जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है- पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाए जाने से फ्लोरोसिस जैसी दांतों की बीमारी हो जाती है। आर्सेनिक की अधिकता से त्वचा पर दाग-धब्बे सम्बन्धी बीमारी पनप आती है। इससे अतिरिक्त उल्टी-दस्त, हैजा, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, ब्लू बेबी, दांत, हड्डी, किडनी, लीवर व पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उपरोक्त समस्याओं के निराकरण के लिए जल जीवन मिशन अतिमहत्वकांक्षी योजना भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित कि जा रही है। जल जीवन मिशन योजना आने के बाद घर में ही नल से शुद्ध पानी मिल रहा है। जिससे समय की बचत हो रही है। बच्चे समय से स्कूल जा रहे है। महिलाओं का समय बचता है जिसका उपयोग वह घर के दूसरे कामों में करती है। जल जीवन मिशन के शुद्ध जल से बीमारी नहीं होती है जिससे पैसे की भी बचत होती है।

मण्डल अध्यक्ष बार भाजपा द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि जल जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है, जल है तो कल है। उतना ही पानी का उपयोग करें जितनी आवश्यकता है व्यर्थ में पानी बर्बाद न करें। मण्डल अध्यक्ष महोदय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल में किये गृह संयोजन में रक्षा सूत्र बांधकर जल बंधन की कार्रवाई पूरी की गयी। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गयी जिसके माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया कि जल बचाओं तो जीवन बचाओ, पानी बचाओ तो पृथ्वी बचाओं एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जल की महत्वता एवं संरक्षण के बारे में प्रस्तुति दी गयी।

इसके उपरान्त माननीय मण्डल अध्यक्ष विकास खण्ड बार, भाजपा महोदय एवं अन्य प्रतिनिधियों द्वारा भावनी ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भावनी के ग्राम पठापचोरा एवं खैरा में बिछायी गयी पाइप लाइन का विवरण, गृह संयोजन एवं अन्य अभिलेखों को हस्तान्तरित किया। भावनी ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित अतिथियों व सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई का शिविर संपन्न

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत स्वयं सेवकों ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर शिविर का आरंभ किया। उसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व दिनों दिन बढ़ता जा रहा है क्योंकि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से बदल रही है। विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में लगातार नए परिवर्तन हो रहे हैं। आज पूरी दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई है, जिसे हम वैश्वीकरण कहते हैं। इंटरनेट, संचार और परिवहन के विकास ने देशों के बीच दूरी को कम कर दिया है। अब किसी एक देश में होने वाली घटना का प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ता है। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रो.डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है, जहां कई योजनाएँ देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने किया। तृतीय इकाई के स्वयंसेवक कुलदीप द्विवेदी ने कार्यक्रम में शामिल हुए विषय विशेषज्ञों एवं सभी स्वयंसेवकों का आभार किया। इस दौरान कर्मचारियों में कमलेश नांगल और नरेंद्र तथा स्वयंसेवकों में सृष्टि, लोनी, कौशल्या, निशा, प्राची, प्रिंसी, रामअवतार झा, धर्मेंद्र, कबीर, अनेक, कृपाल, दीक्षा साहू, अंशु दुबे, काजल, गायत्री देवी, सुमित कुमार, कुलदीप, वंदना, देवेंद्र, अमित, अभिषेक, अमर, संजीव आदि उपस्थित रहे।

## संगठन सृजन की बैठक, बूथ कमेटियों पर जोर दिया



ललितपुर। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय तालबेहट में रविवार को अनुशासन समिति अध्यक्ष अजय तिवारी के मुख्य अतिथ्य में व जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में संगठन सृजन की बैठक संपन्न। बैठक में मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एकता में ही शक्ति है हमें आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी, बूथ लेवल पर कमेटी गठित कर बूथ स्तर से तैयारी करनी होगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद अवस्थी एड. ने कहा कि कांग्रेसियों को एक होकर विपक्षी पार्टियों से सामना करना होगा। कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा, तभी हम आगामी चुनाव में सफलता हासिल कर पाएंगे। बैठक में मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहन चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश शाण्डिल्य, नगर अध्यक्ष अमित बुन्देला एड., इंजी. सुनील अहिरवार, मंडल अध्यक्ष आकाश कुशवाहा, राकेश जैन, प्रवीण करण, मनोज राजा, शानू खान, सुरेश कुशवाहा, अफजल अली, हनी सोनी, धर्मवीर सिंह मोंटू, चंद्रभान, नागेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव व रथयात्रा की तैयारी जारी



**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक एक रेस्टोरेंट में संरक्षक सुदामा प्रसाद सोनी धन्नू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी हनुमान जन्मोत्सव, जगन्नाथ रथयात्रा एवं समिति के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान वरिष्ठ संरक्षक ने समिति के विस्तार हेतु संरक्षक मंडल को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं नवल किशोर सोनी ने कार्यक्रमों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पंपलेट वितरण की आवश्यकता बताई। एड. प्रभुदयाल तामिया ने समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे और मासिक अंशदान तय करने का सुझाव दिया, जबकि एड. राजेंद्र तामिया ने वार्षिक सहयोग राशि के पक्ष में अपनी बात रखी। वरिष्ठ संरक्षक सुशील जडिय़ा ने सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी ने कहा कि समिति समाजहित में होने वाले कार्यक्रमों को भव्य रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने बताया कि संस्था पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर मुरलीधर मंदिर रावरपुरा में शोभायात्रा का स्वागत लस्सी वितरण के साथ करेगी। साथ ही जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भव्य स्वागत एवं शोभायात्रा में हलुआ प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी स्वर्णकार बंधुओं से अपील की कि वे इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। साथ ही समिति के विस्तार के लिए पदाधिकारी घर-घर जाकर समाज के लोगों से संपर्क करेंगे और पंपलेट के माध्यम से संस्था की गतिविधियों की जानकारी देंगे। बैठक में पारित प्रस्तावों पर शीघ्र ही अमल करने का आश्वासन दिया गया। अंत में नवल किशोर सोनी ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मथुरा प्रसाद सोनी, प्रभुदयाल तामिया, नवल किशोर सोनी, राजेंद्र तामिया, सुदामा प्रसाद सोनी धन्नू, सुशील जडिय़ा, पुरुषोत्तम सोनी, पंकज सोनी, कृष्णकांत सोनी, दीपक सोनी, कमलकांत सोनी, अंकित सोनी, रामबाबू सोनी, धर्मेंद्र सोनी, शिवशंकर सोनी, ऋषिशरण सोनी, सिद्धेश सोनी सहित अनेक स्वर्णकार बंधु उपस्थित रहे।

**सपाइयों ने मनाई जयंती, विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया**

# डा. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक: नेपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में महान समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धा और संकल्प दिवस के रूप में मनायी गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी उपस्थित रहीं। जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता प्रमोद इमलिया ने किया।

इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि डॉ राममनोहर लोहिया ने समाजवाद, समतामूलक समाज और सामाजिक न्याय का जो सपना देखा था, सपा उसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डा. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि देश में व्याप्त गैर-बराबरी को मिटाने के लिए डॉ राममनोहर लोहिया की विचारधारा एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को आत्मसात करने और आगामी चुनावों में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर सपाइयों ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की बहुमत से सरकार बनेगी। सभी ने जिले की दोनों विधानसभा सीटें जीतने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महासचिव डॉ शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय सिंह यादव, राहुल रजक नीलू, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, नगर उपाध्यक्ष राजेश झा, अमन मंसूरी, एड पुष्पेंद्र सिंह यादव, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, देशराज यादव, दारा सिंह यादव, उम्मेद पठारी, तिलक सिंह यादव पठारी, गौरव सिंह, अभिषेक यादव सहित अनेक सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा को दोनों विधानसभा जिताने का संकल्प लिया



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने डा.राममनोहर लोहिया का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाते हुये मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की प्रदेश सचिव गीता मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार सभा के प्रदेश सचिव जितेन्द्र सलूजा मौजूद रहे। वक्ताओं ने लोहिया के जीवन परिचय पर अपने-अपने विचार रखते हुये समाजवादी पार्टी को मजबूत करके दोनों विधानसभा जिताने का संकल्प लिया और पार्टी के कार्यकर्ता को मजबूत करने का काम किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अशोक अहिरवार, जिला सचिव शाकिर अली, वरिष्ठ सपा नेता शत्रुघन शुक्ला, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजनारायण, निखिल राजपूत, कदम यादव, हरनारायण पंथ, शैलेन्द्र यादव, दिनेश रैकवार, संजय, महेन्द्र साहू, उमेश नामदेव के अलावा अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बारोल जोड़ के समीप शनिवार रात्रि हुई घटना, शराब के नशे में था चालक

# राजगढ़ उर्स में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 8 घायल, एक बच्ची रेफर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शराब का नशा कभी-कभी खुशियों को छीन लिया करता है। इसी बात की बानगी शनिवार रात्रि जिले की राजस्थान सीमा से सटे क्षेत्र में उसे समय देखने मिली जब शराब के नशे में टैक्टर-ट्रॉली चला रहे व्यक्ति के हाथ से वाहन अनियंत्रित हो गया। दुर्घटना में 8-10 लोग घायल हुए हैं। सभी घायल राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लगे 112वें सालाना उर्स मेले में मनोरंजन के लिए आ रहे थे और इस बीच यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस व अन्य साधनों से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया। यहां एक बच्ची के गंभीर घायल होने पर उसे खिलचीपुर से सीधे भोपाल रेफर कर दिया गया।

**20 से अधिक लोग ट्रॉली में थे सवार**

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि भूमरिया, पपड़ेल क्षेत्र के 20 से अधिक लोग, महिलाएं एवं बच्चे राजगढ़ उर्स मेला देखने आ रहे थे। इस दौरान रात्रि करीब 10.30 बजे बारोल जोड़ के पास टैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी मार गई। घटना के बाद मौके पर चींख-पुकार मच गई। रात्रि का समय होने के चलते मौके पर ज्यादा लोग भी नहीं थे जो घायलों को अस्पताल भिजवा सकें। खिलचीपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद तत्काल एम्बुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना की गई जिसकी मदद से सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। सभी घायल तंवर समाज के बताए जा रहे हैं।

**दुर्घटना में ये हुए हैं घायल**

हादसे में सीमाबाई बतंवर उम्र 15 वर्ष, पूजा तंवर उम्र 14 वर्ष कान्हा तंवर उम्र 9 वर्ष, कविता तंवर उम्र 20 वर्ष, संम्पतबाई तंवर उम्र 60 वर्ष, लखन तंवर उम्र 18 वर्ष, देवीसिंह तंवर उम्र 32 वर्ष एवं किरण तंवर उम्र 7 वर्ष शामिल हैं। खिचलपीर अस्पताल में सभी घायलों का प्रायमरी ट्रीटमेंट किया गया। यहां बालिका किरण तंवर की ज्यादा गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में जिस बच्ची किरण को भोपाल रेफर किया गया है उसका एक हाथ पूरा चकनाचूर हो गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थित बताई जा रही है।

**ट्रैक्टर में लगा रखे थे बड़े स्पीकर, नशे में ड्राइवर**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था और काफी तेज वाहन चला रहा था। जैसे ही बारोल जोड़ आया वहीं वाहन पलट गया। गनीमत से ट्रॉली ने ज्यादा पलटी नहीं खाई अन्यथा और बड़ी जनहानि हो सकती थी। खिलचीपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक बजेसिंह तंवर पर विभिन्न सुसुगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क दुर्घटना में खुजनेर के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



रविवार को गुलावता जोड़ नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना में जगदीश चौबे ने मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा, जहा पोस्टमार्डम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश चौबे इलाज कराने के लिए सारंगपुर आया था और वापस खुजनेर लौटते समय गुलावता जोड़ के पास ट्रक (क्रमांक यूपी 32 जीएन 2417) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं क्षेत्र में भी गम का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# चाय दुकान की पर गाली-गलौच व मारपीट की धमकी, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




भोपाल रोड स्थित एक चाय दुकान संचालक के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे मामले में साक्ष्य भी सामने आ गया है।

पुलिस के मुताबिक अनिल राठौर पिता शिवनारायण राठौर निवासी ग्राम झुमका अपने भाई विशाल राठौर के साथ थाना कुरावर पहुंचकर षिकायत दर्ज करवाई है। उसने बताया कि वह भोपाल रोड पर "अश्विनी अतुल्य" नाम से चाय की दुकान संचालित करता है। रात करीब 9.30 बजे वी.के. सम्पूर्ण अस्पताल कुरावर के संचालक रवि केलकर उसकी दुकान पर पहुंचे और बिना किसी कारण के मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे। उन्होंने दुकान बंद करने के लिए दबाव बनाया और फरियादी को मारने पर भी उतारू हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### पारायण चौक में हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे धार्मिक आयोजन

# कथा में श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीते 82 वर्षों की परंपरानुसार स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में नवरात्र में 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन करवाया जा रहा है। गुड़ी पड़वां से आरंभ हुआ यह आयोजन आगामी 27 मार्च तक अनवरत जारी रहेगी। प्रतिदिन रात्रि में चल रहे इस धार्मिक आयोजन के तृतीय दिवस शनिवार रात्रि शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया, वहीं झांकी भी बनाई गई। व्यासपीठासीन संत सुश्री भुवनेश्वरी भक्तों को कथा का रसपान करवा रही हैं। रविवार रात्रि श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया जिसे सुन भक्त भाव-विभोर हो उठे। आगामी दिनों में श्रीराम की बाल-लीलाओं, अहिल्या उत्रेद्दर, पुष्प वाटिका प्रसंग, राम-सीता विवाह, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, शबरी चरित्र सहित अन्य प्रसंग सुनाए जाएंगे।

**झांकियां भी मोह रही हैं श्रद्धालुओं का मन**



**28 मार्च से आरंभ होगी श्रीमद् भगवात कथा**

गीता मानस प्रचार समिति में चल रहे यह आयोजन सिर्फ रामकथा तक की सीमित नहीं हैं बल्कि हनुमान जन्मोत्सव तक अनवरत चलेंगे। रामकथा उपरान्त 28 मार्च को कलशयात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पं. प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है। आपको बतादें कि गीता मानस प्रचार समिति की स्थापना 82 वर्ष पूर्व हरिओम तत्सतजी महाराज द्वारा की गई। इन्हीं देवतुल्य संत की समाधि स्थानीय खोयरी महादेव क्षेत्र में निर्मित है।

# लावारिस मिली रेत खनन की सामग्री

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध उत्खनन न होने पाए। निर्देशों के पालन में नदी क्षेत्र के पास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। शनिवार को नटेरन तहसील क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम गुरोद के पास सगड़ नदी क्षेत्र में रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम गुरोद के सगड़ नदी क्षेत्र में रेत निकालने का सामान जिनमें दो इंजन, एक छन्ना, दो फुटबॉल हरे रंग की, 4 इंची 1 फुटबॉल हरे रंग की, 3 इंची 12 काले रंग के पाइप लावारिस स्थिति में पाए गए थे, जिन्हें टीम द्वारा जप्त कर नटेरन थाने में रखवाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

# शिवालय में भगवान नंदेश्वर और पार्वती माता की प्राण-प्रतिष्ठा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ परिसर में स्थित शिवालय में नंदेश्वर भगवान एवं पार्वती मैया की मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, डॉ आरबी गुप्ता प्रोफेसर, सूरजमल भावसार, रामनिवास मीणा, मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी महिला मंडल गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी, सुमित्रा गुप्ता, शोभा गुप्ता , मंजू गुप्ता , सूरजबाई गुप्ता , बिंदु सोनगिरा आदि की उपस्थित में प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण से की गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि महोत्सव का आयोजन नियमित रूप से समयानुसार चल रहा है जिसमें प्रथम दिवस गणगौर पर्व पर यज्ञ पूजन एवं हवन कार्य किया गया। इस पुनीत कार्य में गायत्री परिवार सदस्य सहित धार्मिक श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला राजगढ़ के अंतर्गत रविवार को नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ द्वारा शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ के परिषर में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए परामर्श दाताओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा वृक्ष पूजन किया गया तथा जल स्त्रोत में तलाव की साफ - सफाई की गई। कार्यक्रम में समस्त परामर्श दाता व नवांकुर संस्था के पदाधिकारी एवं छात्र छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल ने बताया की जल संरक्षण हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। जहां अधिक बृक्ष होंगे वहां सुख सम्रद्धि वैभव शाली जीवन होता है। हम सबका दायित्व है कि हम सब इनकी रक्षा करें। अंत में सभी ने जल एवं वृक्ष बचाने की शपथ ली।

### महामंत्री पद पर त्रिकोणीयः राजेश सोनी, उमेश सिंघल व नरेंद्र सोनी के बीच

# व्यापार महासंघ अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन व राजीव जैन के बीच व महामंत्री के लिए त्रिकोणीय होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव, जो 29 मार्च को आयोजित होने जा रहे हैं। शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान जिन प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया, उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। जानकारी के अनुसार कुल 7 पदों के लिए 19 नामांकन पत्र जमा हुए थे। महामंत्री पद पर उमेश सिंघल, राजेश सोनी खुबाल व नरेंद्र सोनी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए हरीश वाधवानी व आशीष मोदी के बीच चुनाव होगा। उपाध्यक्ष पद पर नीरज चौरसिया और आशीष माहेश्वरी के बीच चुनाव होगा। संयुक्त मंत्री के लिए अनुराग गोयल और राजकुमार नेमा मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार अग्रवाल और मनीष जैन आमने सामने हैं।

**29 मार्च को होगा चुनाव**

विदिशा व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के लिए चुनावों का माहौल तेज हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन और राजीव जैन (गट्टू) के बीच सीधा मुकाबला तय हुआ है। चुनाव 29 मार्च को होंगे, जिसमें शहर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। सभी की निगाहें मतदान और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

# इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर





इस संसार में भगवान की इच्छा के बिना कुछ भी नहीं होता है। कुछ अच्छा हो जाने के बाद मनुष्य सोचता है कि यह मैंने किया है। लेकिन यह सनातन सत्य है कि इस प्रकृति का कण-कण और मनुष्य का क्षण-क्षण भगवान के ही नियंत्रण में है। राम जी जब जो सोचते हैं उस समय वैसा ही हो जाता है मनुष्य के किए कुछ भी नहीं होता है।

यह बात बिजासन धाम भैसवामाताजी में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर चल रही श्रीराम कथा में अयोध्या से पधारे प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज कथा के चैथे दिन कहीं। आगे उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए हमारे धर्म शास्त्रों में पांच प्रकार के यज्ञ की चर्चा की है। वैसे तो गृहस्थ का जीवन भी एक यज्ञ ही है लेकिन साथ ही साथ उससे भूत यज्ञ, पितृ यज्ञ, ब्रह्म यज्ञ और देव यज्ञ की भी अपेक्षा की जाती है। धर्म सम्मत जीवन जीने वाले लोग इन सभी यज्ञों को अपने जीवन काल में आसानी से पूरा कर लेते हैं। व्यासपीठ का सपत्नीक पूजन मुख्य यजमान ने किया। महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए।

### यादव समाज की जिला स्तरीय बैठक में लिया फैसला

# यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में नाबालिग की नहीं होगी शादी और बालिग की नहीं छपेगी पत्रिका, छपवाने वाले होंगे सम्मेलन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



तहसील में आगामी 29 अप्रैल को ग्राम निवानिया में होने वाले यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समाज को एक सही दिशा में ले जाने के लिए समाजसेवियों द्वारा कई प्रकार की पहल की जा रही है। इसी को लेकर रविवार को ग्राम निवानिया के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई। जिसमें यादव समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि समाज के सम्मेलन में नाबालिग बच्चों की शादी के लिए बिल्कुल भी रसीद नहीं कांटे। युवक की उम्र 21 और युवती की उम्र 18 साल होना चाहिए। जिन युवक-युवती की शादी सम्मेलन में की जाएगी उनके परिजन घर पर किसी भी प्रकार का आयोजन विवाह पत्रिका छपवाकर नहीं करेंगे। अगर कोई इसके खिलाफ जाता है, तो उसको समाज द्वारा सम्मेलन में काटी गई रसीद का पैमेंट वापस कर सामूहिक विवाह सम्मेलन से बाहर कर दिया जाएगा। उन्हे समाज के सम्मेलन में शादी करने की अनुमति नहीं होगी। इस बात को बैठक में उपस्थित समाजजनों ने समर्थन कर फिजूल खर्च को रोकने पर जोर दिया गया।

**समितियों का गठन कर सौंपी जिम्मेदारी-** बैठक में जिलेभर से उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए, दस प्रकार की अलग-अलग समितियों का गठन कर समाज की लोगों को जिम्मेदारियां दी गई। जिससे इस विशाल आयोजन को सफल किया जा सके। इसमें पाण्डाल समिति, सामान क्रय समिति, जल समिति, सुरक्षा समिति, पार्किंग समिति, भोजन समिति सहित अन्य शामिल है।

**गरीब बच्चों का निःशुल्क होगा विवाह**

विवाह सम्मेलन में गरीब युवक-युवती जिनके माता या पिता नहीं है, और घर से आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनका सम्मेलन में कोई पैमेंट नहीं लिया जाएगा। उनका विवाह निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश एच.एल यादव, समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमसिंह यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, व्यवसायी लक्ष्मीनारायण यादव सेठ, रामसिंह यादव भाटखेड़ी, उज्जैन धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल यादव, डीपीसी राजेन्द्र यादव, उंकारसिंह यादव नारियाबे, नेमंसिह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा, पूर्व सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेड़ी, पूर्व सरपंच जगदीष यादव बरखेड़ा, सरपंच लखन यादव तलेनी, युवा समाज अध्यक्ष भगवानसिंह यादव गिंदौरहाट, पूर्व सरपंच छगनसिंह यादव, सत्यनारायण यादव निवानिया, शिक्षक कमल यादव, जनपद सदस्य लखन यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव, सुखराम यादव, हेमराज यादव कीलखेड़ा, डॉ. मोहन यादव निवानिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।